ठीक थी या इस वर्ष की नीति ठीक है इस नीति में परिवर्तन क्यों आया है क्या इस पर पुनर्विचार करके यह टीम भेजेंगे ?

श्री सभापति : इस पर पुनर्विचार करेंगे क्या ?

श्री पी० वी० नरसिंह राव : अप्रैल पर नहीं साहब ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी :सभापति जी बात नीति की है, अप्रैल या मई की नहीं है । इस्राइल की टीम जब हिन्दुस्तान में आई तब हमने खेलने दिया । इसका मतलब यह है कि कोई नीति बनी है । अब वह नीति अप्रैल में अमल में नहीं आएगी क्या मन्त्री महोदय यह कहना चाहते हैं ?

श्री सभापति : आप तो विदेश मंत्री रह चुके हैं । (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वह मुझे याद मत दिलाइये । (व्यवधान) मैं इतनी पुरानी बातें याद नहीं रखता । (व्यवधान)

श्री रऊफ वलीउल्लाह: मोशदयान को इन्होंने बुलाया था (व्यवधान)

SHRIMATI MARGARET ALVA: Sir, when he was the Foreign Minister, he met the Prime Minister of Israel... *(Interruptions)*...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सभापति जी, मेरे खिलाफ स्पेसेफिक चार्ज लगाया गया है । (व्यवधान)

श्री सभापति : आप समझ गये सब । (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम तो समझ गये मगर उधर वाले नहीं समझे ।

श्री सभापति : नेक्स्ट क्वेश्चन :

*405. *\The questioner (Shri Rasheed Masood) was absent. For answer,* vide *col.* 30-31 infra]

मानिकपुर में एक डीजल लोको शेड का स्थापित किया जाना

*406. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मानिकपुर जंक्शन में एक डीजल लोको शेड स्थापित किये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

श्री अश्विनी कुमार : सभापति महोदय, मन्त्री महोदय ने कहा है कि मानिकपुर जंक्शन में डीजल लोको शैड बनाने का उनका कोई निर्णय नहीं है । मैं उनके सामने दो विचार रखना चाहता हूं । मानिकपुर में स्टीम लोकोमोटिव शैड था जो समाप्त कर दिया गया है । उसका सारा इन-फ्रास्टक्चर स्टाफ क्वार्टर्ज, रेल लाइन वगैरह सब वहां पर है । दूसरा झांसी के लिए इलैक्ट्रीफिकेशन होने के बाद जहां तक मेरी जानकारी है झांसी में भी डीजल लोको शैड समाप्त किया जा रहा है। इन दोनों को समाप्त होने के बाद मेरा यह पूछना था कि जब मानिकपुर में इनफ्रास्ट्रक्चर सारा स्थित है तो उस क्षेत्र के डवलपमेंट की स्थिति से वहां पर लोकोशैड के प्रावधान के बारे में रेलवे मंत्री विचार करेंगे क्या ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : अभी डीजल लोको शैड जहां झांसी, इटारसी और कटनी में स्थित है यह हमारी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त है । इसलिए मानिकपुर में या अन्य किसी दूसरी जगह आसपास के क्षेत्र में डीजल लोको शैड की कोई सम्भावना नहीं है और न प्रस्ताव है ।

श्री अश्विनी कुमार : दूसरा प्रश्न, सभापति महोदय, यह है कि क्योंकि यह प्रश्न मानिकपुर में डीजल लोको शैड के बारे में है मेरा प्रश्न मानिकपुर से संबंधित है इसलिए माननीय मंत्री जी अगर उत्तर देने की कृपा करेंगे तो मैं अनुगृहीत हूंगा। बहुत दिनों से मानिकपुर की जनता की यह मांग रही है ...(**व्यवधान**)

श्री सभापति : यह प्रश्न इससे सम्बधित नहीं है ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : सभापति महोदय, मैं लोको शैड के बारे में रेलवे के नीति गत सवाल पर जानना चाहता हूं । माननीय सभापति महोदय, हर जगह पर रेल के कोयले वाले इंजिन के लोको शैड समाप्त हो रहे हैं बहुत जगह समाप्त हो गये हैं । बहुत जगह हो गया हैं और डीजल तथा इलेक्ट्रिक इंजन के लोकोशेड्स तैयार हो रहे हैं । तो जहां-जहां पर सारे देश में लोको शेड्स कोल इंजन या वाष्प इंजन के शेड्स समाप्त होते जा रहे हैं उसके कारण उनका जो बचा हुआ स्ट्रक्चर है या उसमें जो काम करने वाले लोग हैं इनको असुविधाएं हो रही हैं अतः क्या सरकार ने कुछ तय किया है कि इस इन्फास्ट्रक्चर का और इसमें काम करने वाले लोगों का कोई सुविधाजनक उप्योग किया जाये।

श्री माधवराव सिंधिया: यह प्रश्न जो है यह मानिकपुर के डीजल लोको शैड के बारे में है ..

श्री सभापति : इन्होंने उसके साथ पूछा है। अभी आपने बताया कि वहां पहले था तो जहां यह फैसिलिटीज हैं उनका क्या इस्तेमाल करेंगे ।

श्री माधवराव सिंधिया: मैं जवाब तो देने के लिये तैयार हूं । मैं आपका ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता था कि यह क्वैश्चन इससे संबंधित नहीं हैं लेकिन तब भी मैं जवाब देने के लिए तैयार हूं । हमारी यह नीति है कि सन् 2000 ईस्वी तक हम स्टीम लोकोज अपनी पूरी रेल प्रणाली से फेज आउट कर दें और उस नीति के अनुसार लगभग 4 सौ या चार सौ से बढ़कर...

श्री सभापति : इनका सवाल जो शेड्स हैं, जो पुराने शेड्स हैं उनका इस्तेमाल करने के बारे में हैं ।

श्री माधवराव सिंधिया : इसीलिए 4 सौ, बल्कि 4 सौ से अधिक औसत पर हम स्टीम लोकोज को फेज आउट कर रहे हैं प्रति वर्ष इसके अनुसार स्टीम लोको शेड्स को हमें बंद करना पड़ता है लेकिन एक भी व्यक्ति को, स्टाफ मेम्बर को रिट्रेंच नहीं कर रहे हैं वे रीडिप्लाय हो रहे हैं लेकिन एक्टिविटीज में या दूसरे कार्यों में और वहां के इन्फ्रास्टक्चर भी जो इस्तेमाल करने के लिए लाये थे, उनका इस्तेमाल किया जा रहा है ।

Job opportunities for women in the country

*407. KUMARI SUSHILA TIRIA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have taken any steps to create more job opportunities for women in the country;

(b) if so what are the details thereof; and

(c) what guidelines have been issued and financial assistance given to the State for creating job opportunities for women?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS AND WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI MARGARET ALVA); (a) Yes, Sir

(b) A number of income-generating and job creating schemes under the Central Sector are being implemented by this Ministry through the Voluntary Organisations and the Women Development Corporations.